पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा
शिविर स्थल ग्राम पंचायत : 6 एपीडी, दिनांक : 25.06.2025

फार्म नं.– III

फर्द अहकाम

(नियम–26)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी — मुकाम श्रीविजयनगर

मलकीयत सिंह – तजविन्द्र सिंह — बनाम — सरकार

अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम — नम्बर 92 सन् 2025

जी.सी.एम.एस. आईडी :2025/149

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी किये गये
25.06.2025	प्रार्थीगण मलकीयत सिंह पुत्र काका सिंह एवं तजविन्द्र सिंह पुत्र जग्गा सिंह के द्वारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के अन्तर्गत शिविर ग्राम पंचायत 6 एपीडी में संयुक्त रूप से आवेदन पेश कर राजस्व रिकार्ड में नक्शा तरमीम की दुरूस्ती किये जाने हेतु निवेदन करने पर तहसीलदार श्रीविजयनगर को जांच हेतु प्रेषित किया गया। तहसीलदार श्रीविजयनगर के द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर राजस्व रिकार्ड में नक्शा तरमीम दुरूस्त करने की अनुशंषा की गई है। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर हो। पत्रावली का अवलोकन किया। रिपोर्ट तहसीलदार, भू.अ.नि. व पटवारी तथा रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत मौका नक्शा एवं तहसीलदार श्रीविजयनगर की अनुशंषा के आधार पर प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर चक 2 डीएएम के खाता सं. 24 व 43 में प्रार्थीगण के नाम से दर्ज भूमि कि.नं. 24/3 व 24/4 के राजस्व नक्शा में तरमीम को पूर्व से पश्चिम के स्थान पर उत्तर से दक्षिण लम्बवत मौका नक्शा में दर्शाये अनुसार दुरूस्त करने के आदेश दिए जाते है। मौका नक्शा को आदेश का भाग समझा जावे। शेष अंकन यथावत रहेगा। आदेश की तहरीर पृथक से जारी हो। निर्णय मजमा–ए–आम में सुनाया गया। पत्रावली फैंसले में शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। शकुन्तला उपखण्ड अधिकारी श्रीविजयनगर	

Signature Not Verified

Digitally signed by Shakuntala
Date: 2025.08.20 11:44:18 IST
Reason: SelfAttested